नववर्ष | नव वर्ष के अवसर पर प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बांदकपुर में भोले बाबा को जल अर्पित कर आराधना की

श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में श्रद्धालुओं का उमड़ा जन सैलाब

नवभारत,दमोह. जिले से 15 किलोमीटर दूर स्थित श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर भोले बाबा के मंदिर में गुरुवार प्रात: कालीन करीब 5 बजे से भक्तों जन सैलाब उमड़ पड़ा.जहां बांदकपुर,दमोह और जिले भर के आसपास क्षेत्र से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर भोले बाबा को जल अर्पित कर आराधना की.

दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में तथा एसडीएम आरएल बागरी,पथरिया एसडीओपी प्रिया सिंधी के मार्गदर्शन में पुलिस प्रशासनिक व्यवस्थाएं पर्याप्त रूप से तैनात है. एसडीओपी प्रिया सिंधी स्वयं मोर्चा संभाले हुए हैं,साथ ही बांदकपुर मंदिर ट्रस्ट भी विशेष रूप से सेवाओं में लगा है.आने- जाने वाले भक्तों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो, इसके लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं. 2026 नव वर्ष प्रारंभ होते ही 1 जनवरी को सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ था. सुबह से शाम तक 50 हजार से अधिक भक्तों ने दर्शन किए. बांदकपुर मंदिर ट्रस्ट के पंडित रामकृपाल पाठक, केदारनाथ दुबे ने बताया कि देर शाम तक लगभग 50,000 से अधिक भक्त दर्शन किए.साथ ही हिंडोरिया थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय ने बताया कि सुरक्षा दृष्टि को मद्देनजर नजर रखते हुए मंदिर परिसर और मेला में पर्याप्त व्यवस्थाएं पॉइंट लगाए गए थे.जो सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षा दी. प्रशासनिक व्यवस्था में तहसीलदार हिंडोरिया प्रीतम सिंह, आरआई लक्ष्मण मिश्रा, पटवारी आशीष साहू, राहुल अहिरवार, राजुरतन शुक्ला के अलावा और भी प्रशासनिक अधिकारी गण, स्वास्थ्य सेवाएं, पंचायत लेवल की व्यवस्थाएं के इंतजाम पर्याप्त रूप से किए गए हैं. पुलिस व्यवस्था में धर्मेंद्र उपाध्याय हिंडोरिया थाना प्रभारी के अलावा चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा, प्रधान आरक्षक बालमुकुंद,भूपेंद्र और भी पुलिस बल मौजूद है.

जटाशंकर धाम में पूजन अर्चन

शहर के प्रसिद्ध श्री धाम जटाशंकर में गुरुवार सुबह से नव वर्ष के अवसर पर जनसैलाब उमड़ा है .जो भोले बाबा की अराधना करने में लगे रहे .पुलिस प्रशासनिक व्यवस्था में तहसीलदार,राजस्व निरीक्षक और पुलिस में प्रधान आरक्षक राजकुमार, हेमा के और भी पुलिस बल मौजूद .

युवाओं ने उत्साह के साथ मनाया नया साल

कोई मंदिर तो कोई दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया

कुम्हारी नवभारत 1 जनवरी। नए साल का आगाज युवाओं ने उत्साह पूर्वक किया। कोई मंदिर तो कोई पर्यटन स्थल गया।

गुरुवार को नए वर्ष के पहले दिन का बबलीगढ़ धाम प्रसिद्ध क्षेत्र आस्था का प्रतीक मंदिर जहां पर युवा, महिलाएं और युवतियां हनुमान मंदिर में आशीर्वाद लेने पहुंची, वहीं जिले का प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र जागेश्वर धाम में भी दूर-दूर से भक्त मनोकामना पूर्ण करने भगवान भोलेनाथ के दर्शन करते दिखाई दिए। कुछ इसी तरह का नजारा प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र कुंडलपुर धाम में भी रहा। जैन समुदाय का यह प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र माना जाता है, जहां प्रकृति की छठा अलग ही नजर आती है। कुछ युवा अपनी टोलिया के साथ पर्यटन क्षेत्र की दृष्टि से गुदरी जंगल तालाब में पिकनिक मनाने पहुंचे। कुछ लोग हिंदूवादी परंपरा में चैत्र नवरात्रि से ही हिंदू नव वर्ष का आगाज मानते हैं। कहा जाता है कि जनवरी में विशेष कुछ नहीं बदलता है, यहां तक मौसम भी नहीं, मगर चैत्र माह में प्रकृति भी अपना नया रूप धारण कर लेती है, जो नव वर्ष का आगाज वास्तविक रूप से नजर आता है।

प्रसिद्ध झारखंडी धाम में नववर्ष की धूम

बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

नवभारत,अजब धाम/ बटियागढ़. बटियागढ़ ब्लॉक के प्रसिद्ध खड़ेरा माता मंदिर झारखंडी धाम में नववर्ष की धूम है, सुबह ही बड़ी संख्या में पर्यटक झारखंडी धाम पहुंचे, यहां माता के दर्शन कर,किला और प्राकृतिक सौंदर्य के बीच नववर्ष का उत्सव मनाया. झारखंडी धाम में बड़ी संख्या में लोग परिवार के साथ पिकनिक मनाने भी पहुंचे,सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से अजब धाम चौकी प्रभारी आर एस ठाकुर, प्रधान आरक्षक नीरज राय पुलिस बल के साथ यहां मुस्तेद नजर आए.पर्यटकों के बडी संख्या में यंहा पहुंचने का अनुमान लगाकर दुकानदारो ने अपनी दुकानें भी लगाई. जिससे यहां नववर्ष पर मेला जैसा नजारा भी देखा गया.चौकी प्रभारी ने बताया कि यहां आने वाले पर्यटकों को खतरनाक चट्टानों और पहाड़ी पर न जाने की सलाह दी जा रही थी.साथ ही यहां बंदरों से भी श्रद्धालुओं को बचाया जा रहा है, चूंकि पहली बार आने वाले श्रद्धालु यहां स्थिति से अवगत नही होते हैं.

नव वर्ष पर बड़े बाबा के अभिषेक के लिए उमड़ी भीड़

मुनि श्री प्रमाण सागर ने कराया भावना योग

नवभारत,दमोह.सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर बड़े बाबा की पावन नगरी संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की तपस्थली में नव वर्ष 226 की शुरुआत पूज्य बड़े बाबा के चरणों में करने उमड़ पड़ा भक्तों का जन सैलाब.पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक करने हजारों हजार श्रद्धालु भक्तों की लगी लंबी कतार.कई घंटे चला बड़े बाबा का अभिषेक कार्यक्रम.इस अवसर पर पूज्य मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने नए वर्ष का शुभारंभ भावना योग शिविर के साथ की.

मुनिश्री ने कहा नया साल है इसलिए हर्ष है आज हम बड़े बाबा के दरबार में बैठे हैं जहां का कण कण आचार्य श्री की साधना से सिंचित है.जीवन को हर्ष मय बनाना चाहते हैं तो कुछ नया जोड़े.नया वर्ष आया है आप सबके मन में कुछ नया करने का भाव है.घर में जब नया फर्नीचर लाते हैं तो पुराना कबाड़ बाहर करते हैं.आज मैं चार बातें द्वारा आपसे साक्षात्कार करूंगा, समीक्षा, संवेदना, संकल्प, साधना.सबसे पहले अपनी समीक्षा करें अंदर कचरा कूड़ा भरा है उसमें यदि इत्र भी डालोगे तो खुशबू नहीं आएगी.बीते वर्ष में मैंने क्या गलत किया उसकी सफाई कीजिए, प्रतिक्रमण करें. दोपहर में शंका समाधान का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें उपस्थित श्रद्धालु भक्तों ने अपनी अपनी शंकाओं का समाधान पाया.2 जनवरी प्रात: बड़े बाबा के श्री चरणों में मुनि श्री का मंगल प्रवचन होगा दोपहर में शंका समाधान का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. नव वर्ष की पूर्व संध्या पर आयोजित भजन संध्या में गूंजे बड़े बाबा के जयकारे भक्त हुए भक्ति में सराबोर नए वर्ष की पूर्व संध्या पर बड़े बाबा मंदिर परिसर में बने भव्य पंडाल में एक शाम बड़े बाबा के नाम भक्ति संध्या का आयोजन किया गया इस अवसर पर देश के विभिन्न अंचलों से जुटे बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त देर रात तक भक्ति गीतों की सुमधुर प्रस्तुति पर झूमते नाचते बड़े बाबा की भक्ति कर आनंद लेते रहे.जहां एक और भजन गायिका प्रियांशी जैन ने बना लो मन को मंदिर.

जगह-जगह भंडारों का आयोजन

नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह. नववर्ष पर सुबह से ही मंदिरों में दर्शन लाभ के लिए भारी भीड़ नजर आई. नगर के बड़ी खैर माई, छोटी खैर माई नरगुवा हनुमान मंदिर पंच वटी मंदिर पांडा बाबा दोनी हनुमान मंदिर धर्राउआ वाटर फॉल पर पिकनिक मनाने बड़े बुढ़े बच्चे महिलाएं युवक युवतियां भारी संख्या में नजर आए .इस संबंध में युवाओं का कहना था कि नव वर्ष के पहले दिन भगवान का पूजन अर्चन करने और वहीं पर प्रसाद बनाकर भगवान को अर्पण कर भोजन प्रसादी ग्रहण करने से ईश्वर का आशीर्वाद मिलता है और वर्ष भर ईश्वर की कृपा बने रहने से हर कार्य सफल होते है. खासकर बड़ी खैर माई नरगुवा हनुमान मंदिर धर्राउआ पांडा बाबा में सैकड़ों कि संख्या में भारी भीड़ दर्शनलाभ प्राप्त किया.

नए वर्ष के उपलक्ष्य में 24 घंटे के पाठ का हुआ आयोजन

नवभारत,दमोह। धर्म सम्राट योग चेतना पुरुष परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र भगवान की असीम कृपा से दमोह जिले में नए वर्ष के उपलक्ष में 24 घंटे के पाठ 5 घंटे के पाठ 1 घंटे की दिव्यता के अनुष्ठान पूरे दमोह जिले में नहीं अपितु पूरे विश्व में जनकल्याण के भाव को लेते हुए समाज में परिवर्तन के भाव को लेते हुए यह कर्म संपन्न कराए जाते हैं।जिस धर्म रक्षा राष्ट्र रक्षा मानवता की सेवा के प्रति समाज को बढ़ाया जा रहा है जिस पर चलकर के मानवता स्वच्छ सांस लेते हुए अपने घरों में परिवर्तन करते हुए समाज में परिवर्तन करते हुए धर्म पथ को अपना रहे हैं जिसमें मनुष्य अपना कल्याण तो करता है पर आगे आने वाले कई पीढियां का भी भविष्य सुरक्षित हो जाएगा।

नववर्ष पर ग्राम रनेह में मिलन समारोह आयोजित

नवभारत,हटा/दमोह। जिले के विकासखंड हटा अंतर्गत आने वाले ग्राम रनेह में नववर्ष 2026 के उपलक्ष्य में मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं एवं जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की तथा नववर्ष को नई सोच, सकारात्मक ऊर्जा और सामाजिक समरसता के साथ मनाने का आह्वान किया ।समारोह के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे उपस्थित लोगों में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा।

एक नजर में

जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए

नवभारत,दमोह .दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने सांई मंदिर बकौली मे प्रतिवर्षानुसार नव वर्ष के अवसर पर श्री श्याम भक्त मंडल द्वारा आयोजित कंबल वितरण/खिचड़ी प्रसाद वितरण में शामिल होकर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए

इटवा छक्का में नौ दिवसीय अखंड श्री रामधुन का आयोजन

नवभारत,गैसाबाद/दमोह . नववर्ष 2026 के शुभ अवसर पर ग्राम इटवा छक्का में नौ दिवसीय अखंड श्री रामधुन का आयोजन किया जा रहा है। श्री रामधुन बैठकी 26 दिसंबर 2025 (शुक्रवार) से प्रारंभ हुई, जबकि हवन-पूजन, एवं भंडारा 3 जनवरी 2026 (शनिवार) को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन श्री बजरंग बली धाम में संतजी श्री दौड़ी बाबा के सान्निध्य व समस्त ग्राम व क्षेत्रीय भक्तजनों के सहयोग में चल रही है।

एएसआई शंकर सिंह हुए सेवानिवृत्त

नवभारत,दमोह .जिला पुलिस बल में एएसआई शंकर सिंह सेवानिवृत्त अवसर पर दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी और सूबेदार अभिनव साहू के अलावा और भी पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों ने फूलमाला पहनाकर उपहार देकर भावभीनी विदाई दी .31 दिसंबर 2025 को सेवानिवृत हुए एएसआई शंकर सिंह ने दमोह पुलिस का आभार मानते हुए कहा कि हमेशा अधिकारी और पुलिस कर्मियों का विशेष सहयोग रहा है .पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस स्मृति चिन्ह उपहार और शाल श्रीफल माल्यार्पण कर भावभीनी विदाई देते हुए शुभकामनाएं दी और नव वर्ष पर भी बधाई दी .इस अवसर पर परिवारजन विशेष रूप से मौजूद रहे .

चौधरी फूलचंद जैन का निधन

कुम्हारी नवभारत। गुरुवार को चौधरी फूलचंद जैन का 90 वर्ष की उम्र में हृदय गति रुक जाने के कारण स्वर्गवास हो गया। पुत्र चौधरी लालचंद जैन, चौधरी कमलेश जैन, चौधरी विमल जैन, चौधरी अनिल जैन की मौजूदगी में अंत्येष्टि मुक्ति धाम मे सम्पन्न हुई।

सोमनाथ शिवलिंग भारत यात्रा 3 को हटा पहुंचेगी

दिव्य अवशेषों के दर्शन व सामूहिक रुद्र पूजा होगी

नवभारत,हटा/दमोह. देशभर में शिवभक्ति और आध्यात्मिक चेतना का संदेश फैलाती सोमनाथ शिवलिंग भारत यात्रा अब अपने अगले पड़ाव के रूप में 3 जनवरी 2026 को हटा नगर पहुंचेगी। यह ऐतिहासिक यात्रा 12 राज्यों और लगभग 140 शहरों से होकर गुजर रही है, जिससे हर स्थान पर श्रद्धा और आस्था का वातावरण निर्मित हो रहा है।मध्यप्रदेश में इस पावन यात्रा की शुरुआत बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन से हुई थी। जबलपुर, ग्वालियर, रीवा सहित आसपास के क्षेत्रों में भी इसे लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया। यात्रा के साथ सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दुर्लभ और दिव्य अवशेष लाए जा रहे हैं, जो हटा नगर में श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ उपलब्ध रहेंगे। 3 जनवरी 2026 को नगर में विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक, भजन और सत्संग का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, बड़ी संख्या में भक्तों के शामिल होने की संभावना है, जिससे हटा में धार्मिक उल्लास का माहौल बनेगा। आर्ट ऑफलिविंग की स्टेट कोऑर्डिनेटर मनीषा लुम्बा ने बताया कि मान्यताओं के अनुसार यह वही प्रथम ज्योतिर्लिंग है जिसकी स्थापना सतयुग में भगवान चंद्रदेव ने की थी। पौराणिक कथाओं में इसका उल्लेख है कि यह शिवलिंग भूमि को स्पर्श नहीं करता था और वायु में स्थित रहता था, जो इसकी अद्भुत दिव्यता को दर्शाता है।इतिहास के अनुसार, वर्ष 1026 में महमूद गजनी के आक्रमण के दौरान यह ज्योतिर्लिंग खंडित हो गया था। इसके बाद एक अग्निहोत्री ब्राह्मण परिवार इन पावन अवशेषों को दक्षिण भारत ले गया और पीढ़ियों तक गुप्त रूप से सुरक्षित रखा।



सैलानियों पर भारी पड़े टाइगर रिजर्व के नियम, चार पहिया वाहनों से वसूली गई 1500 की राशि

नवभारत,सिंग्रामपुर/दमोह. जिले में नए साल के मौके पर रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के सिंगौरगढ़ के खूबसूरत वादियों में घूमने के लिए दमोह के अलावा आसपास के जिलों से भी सैलानी पहुंचते हैं,लेकिन यहां पर टाइगर रिजर्व के नियम सैलानियों पर भारी पड़ गए. बाइक चालक और पैदल चलने वाले लोगों पर प्रतिबंध लगने के कारण यह लोग सौंदर्य स्थल नहीं घूम सके.वहीं चार पहिया वाहनों का किराया 1500 होने के चलते कई लोग वापस लौट गए.इसलिए सैलानियों से भरा रहने वाला सिंगौरगढ़ नए साल के मौके पर बहुत कुछ सूना दिखाई दिया और लोग भैंसा घाट की पहाड़ी से ही सेल्फी लेकर वापस लौट आए. दरअसल सिंगौरगढ़ में कई झरने व सौंदर्य स्थल है, जिनके दीदार करने के लिए हर साल नए साल के मौके पर सैलानी यहां अपने परिवार के सहित आते हैं, लेकिन अब यह क्षेत्र रानी दुर्गावती टाइगर जरूर में चला गया है जिससे यहां अब नए नियम बनाए गए हैं.यहां के सुंदर नजारे को देखने के लिए अब केवल चार पहिया वाहनों को ही अनुमति दी गई है.टू व्हीलर और पैदल चलने वालों को अंदर जाने नहीं दिया जाता.4 व्हीलर का किराया भी 1500 रुपए सैलानियों से लिया जाता है. संपन्न लोग तो इसे दे देते हैं.

नव वर्ष पर पुलिस अलर्ट

पूरे जिले एवं शहर में बाईपास पर देर रात तक चलती रही वाहन चेकिंग

नवभारत, दमोह. नव वर्ष शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने को लेकर पुलिस मुख्यालय से आए आदेशों का पालन करते हुए दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में शहर और चारों बायपासों के अलावा पूरे जिले में वाहन चेकिंग कार्रवाई की गई. जिससे घटनाओं में ग्राफगिरा. दमोह शहर के घंटाघर पर सीएसपी एचआर पांडे की विशेष उपस्थिति में टीआई कोतवाली मनीष कुमार, टीआई सरोज ठाकुर, टीआई अमित गौतम द्वारा पुलिस बल के साथ पूरे प्लानिंग से चेकिंग कार्रवाई की गई.जहां देर रात निकलने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा. वहीं महिला थाना प्रभारी फेमिदा खान भी शहर में जायजा लेती नहीं. दमोह शहर के हटा नाका पर थाना प्रभारी कुम्हारी बृजेश पांडे अपने पुलिस बल के साथ चेकिंग कार्रवाई में मौजूद रही, तो वहीं धर्मपुरा बाईपास पर गैसाबाद थाना प्रभारी प्रियंका पटेल और स्टाफ पूरी व्यवस्थाओं के साथ तैनात होकर चेकिंग कार्रवाई करते हुए देर रात करीब 2 बजे देखा गया. इधर दमोह शहर के जबलपुर नाका मारुताल बाईपास पर थाना प्रभारी हटा सुधीर कुमार बेगी भी टीम के साथ चेकिंग करते हुए.

सड़क हादसें | जबलपुर-सागर रोड पर पेड़ से टकराई कार

पति-पत्नी की मौत,कार के उड़े परखच्चे

नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह जिले के तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम जबलपुर सागर रोड पर एक कार बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई.जिसमें पति-पत्नी की मौत हो गई और तीसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया.जिसे इलाज के लिए तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया.कार के परखच्चे उड़ गए हैं पुलिस के द्वारा मामले की जांच की जा रही है.घटना तेंदूखेड़ा थाना अंतर्गत झलोन मार्ग की है. जबलपुर से दो कार एक साथ आगे पीछे चल रही थी.

अचानक आगे की कार का संतुलन बिगड़ गया और अनियंत्रित होकर सड़क के बाजू में लगे पेड़ से टकरा गई. जिसमें सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये. स्थानीय लोगो ने घायलों को कार से बाहर निकला और इलाज के लिए ऑटो से तेंदूखेड़ा स्वस्थ केंद्र भेजा. जहां दो को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया और तीसरे की हालत गंभीर है.जबलपुर से रहली जा रहे थे दंपति जबलपुर के संजीवनी नगर निवासी प्रदीप पिता दिबाकर पाठक 70 अपनी पत्नी अलका और बेटे प्रमोद के साथ रहली जा रहे थे.तेंदूखेड़ा से आगे नागबाबा के समीप पेड़ से कार टकरा गई.जिसमें पति पत्नी उसमें फंस गये.घटना स्थल से कुछ दूरी पर नया साल मना रहे लोगो ने घटना देखी तो कार में फंसे पति पत्नी को निकला और तेंदूखेड़ा भेजा. जहां अलका पाठक 65 और उनके पति प्रदीप पाठक 70को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. वहीं बेटा प्रमोद की हालत गंभीर है जिसे प्रथमिक उपचार के बाद जबलपुर रिफर किया गया है. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.

नवभारत,हटा/बटियागढ/दमोह. बटियागढ़ में बड़ा सड़क हादसा होते हुए टला.एक साथ 3 ट्रक टकरा गए, जबकि एक पलटा और एक सडक से उतरा. गेवलारी पुलिया के पास हादसा बताया गया.

ऑटो हादसे स्थल के पास पेड़ से फांसी पर झूलता मिला युवक का शव

नवभारत,मडियादो/दमोह. मड़ियादो-वर्धा मार्ग पर कनकपुरा गांव के नाले के पास सड़क किनारे एक युवक का शव पेड़ से फांसी की स्थिति में झूलता मिला.घटना की सूचना पर बुधवार सुबह 11:30 बजे मड़ियादो थाना पुलिस मौके पर पहुंची.पास में हादसे की स्थिति में पड़े ऑटो वाहन में अंकित मोबाइल नम्बर के आधार पर मृतक की शिनाख्त कमल सिंह गौंड निवासी सुरई थाना किशनगढ़ जिला छतरपुर के रूप में की गई है.मड़ियादो थाना पुलिस ने शव पंचनामा कार्यवाही कर प्रकरण जांच में लिया है. मृतक उक्त ऑटो का चालक बताया गया जिसकी मौत की बजह और कारण स्पस्ट नही है.स्थानीय लोगो और राहगीरों का मानना है कि ऑटो अनियंत्रित होकर पलटने के बाद शायद दहशत में चालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मडियादो थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है ।